हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 सितंबर 2025

11 समाधान शिविर में शिकायतों का प्राथमिकता से करें निपटान...



12 बड़ोपल के खेतों में चार-चार फुट पानी मकानों की छतें गिरने का खतरा...



## खबर संक्षेप

### दो दिन से लापता मजदूर का मिला शव

**फतेहाबाद।** रतिया रोड पर एमएम कॉलेज के समीप मंगलवार सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मृतक युवक की पहचान 35 वर्षीय रवि कुमार पुत्र सरवन कुमार निवासी जांडवाला सोत्तर के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रवि कुमार दो दिन से लापता था।

### घग्घर नदी में कूदे व्यक्ति का शव बरामद

**रतिया।** जिले के जाखल क्षेत्र से गुजरने वाली घग्गर नदी में बीते दिनों छलांग लगाकर आत्महत्या करने वाले व्यक्ति का शव एक सप्ताह बाद सोमवार देर रात रतिया के गांव बबनपुर के पास से बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, जाखल निवासी राजेश कुमार ने दिमागी हालत खराब होने के चलते बीते मंगलवार को घग्गर नदी में छलांग लगा दी थी।

### हमला करने के मामले में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव धिड़ में एक घर में घुसकर युवक पर तेजधार हथियार से हमला करने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जयप्रकाश उर्फ लक्ष्मी निवासी धीड़, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस मामले में अब तक कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### अवैध हथियार सहित पुलिस ने युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि पुलिस पार्टी क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियों पर संदेह होने पर उसे चेक किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल 315 बोर बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनमोल पुत्र मिठु सिंह, निवासी ढाणी बबनपुर, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### डोडा पोस्त तस्करी का मुख्य सप्लायर काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस नशे के विरुद्ध लगातार सख्त अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस को डोडा पोस्त तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का मुख्य सप्लायर को काबू किया है पुलिस ने अनूप उर्फ बच्ची पुत्र जगदीश चंद्र निवासी ढाणी सानियाना, पारता रोड को गिरफ्तार किया है, जो इस तस्करी नेटवर्क का मुख्य सप्लायर बताया जा रहा है। इससे पहले इसी मामले में जवाहर लाल उर्फ अमन पुत्र बलवंत सिंह निवासी पारता, फतेहाबाद को भी गिरफ्तार किया गया था।

### युवक हेरोइन व नकदी सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव जगमालवाली क्षेत्र से एक युवक को 7.12 ग्राम हेरोइन व 14,320 रुपए की नकदी सहित काबू किया। सीआईए कालांवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि एएसआई मनोहर लाल पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान बस अड्डा गांव जगमालवाली पर मौजूद थे। एएसआई को गुप्त सूचना मिली कि पीपली निवासी विजय उर्फ विशाल नशा तस्करी का धंधा करता है व आज भी नशा तस्करी की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने युवक को काबू कर लिया।

---

### जलस्तर स्थिर, लेकिन अभी सजग और सतर्क रहने की जरूरत

# घग्गर नदी व ड्रेन के तटबंधों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन बरत रहा सतर्कता

**दिन-रात निगरानी कर रही टीमें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

घग्गर नदी के जलस्तर व तटबंधों की सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन द्वारा रोजाना पुख्ता की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था की सुनिश्चिता को लेकर अधिकारी दिन-रात नदी का निरीक्षण कर रहे हैं। जेसीबी, पोकलेन, ट्रैक्टर ट्राली आदि की सहायता से घग्गर नदी के तटबंध और अधिक मजबूत किए जा रहे हैं। नरेगा की सहायता से कट्टों में मिट्टी भरवाकर किनारों पर लगाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी संभावित स्थिति से निपटा जा सके। फिलहाल जिला में जलस्तर स्थिर है और घग्गर के मुख्य तटबंध सुरक्षित हैं। प्रशासन किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरत रहा है और पूर्ण सजगता व सतर्कता के साथ कार्य में जुटा है। सिंचाई विभाग की 24 टीमें लगातार घग्गर नदी के जल स्तर व तटबंधों की निगरानी में लगी है। वहीं एसडीएम सिरसा, डबवाली, ऐलनाबाद, कालांवाली, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों की टीमें नियमित रूप से निगरानी कर रही हैं। घग्गर नदी को आठ सेक्टरों में बांटकर पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। ग्रामीण भी जिला प्रशासन का पूरा सहयोग कर रहे हैं। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा घग्गर नदी के जलस्तर और तटबंधों की सुरक्षा को लेकर पूरी सजगता व सतर्कता बरती जा रही है। एहतियात के तौर पर घग्गर के तटबंधों को और मजबूत करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। घग्गर के तटबंधों के अलावा जिला में स्थित ड्रेन, नहरों आदि की भी निगरानी की जा रही है। सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। अधिकारी मौके पर जाकर ग्ग्रामीणों से लगातार संवाद कर रहे हैं। ग्रामीणों का भी पूरा सहयोग मिल रहा है कहीं किसी को घबराने की जरूरत नहीं है, जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं।





सिरसा। घग्गर के तटबंधों को मजबूत करते कर्मचारी व ग्रामीण व डेरा बाबा भूमणशाह के संत बाबा ब्रह्मदास घग्गर में आई दरार को बांधते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### बाबा ब्रह्मदास के आह्वान पर ग्रामीणों ने पाटी दरार, हजारों एकड़ फसल बची

**सिरसा।** डेरा बाबा भूमणशाह के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज के आह्वान पर गांव पनिहारी व बुर्जकर्मगढ़ के बीच बीते दिवस आई दरार को सैकड़ों युवाओं व ग्रामीणों ने पूरी मेहनत व मशक्कत के बाद दरार को पाट दिया। मौके पर बाबा ब्रह्मदास महाराज भी पहुंचे। डेरा के सचिव विनोद कुमार ने बताया कि बाबा ब्रह्मदास ने न केवल सेवा में जुटे लोगों का मार्गदर्शन किया, बल्कि अपने हाथों से मिट्टी से भरे प्लास्टिक बैग उठाकर दरार को पाटने में संगत का सहयोग किया। हिम्मत हार चुकी संगत, ग्रामीणों व नौजवानों के बीच दोपहर को पहुंचे बाबा ब्रह्मदास के आगमन से ऐसा जोश व जुनून जागा कि उन्होंने संकट की परवाह न करते हुए कुछ ही घंटों में बांध को पाट दिया। इस मौके पर बाबा जी ने कहा कि सिर्फ नदी की दरार नहीं है, यह हमारी एकता की परीक्षा है, इसे हमें जीतना है। उसके बाद नदी का तेज बहाव, मिट्टी की कमी व रात का अंधकार भी संगत की हिम्मत को डिगा नहीं सका। इस दरार के बंद होने से दर्जनों गांवों की हजारों एकड़ फसलें बच गईं। सभी इलाका निवासियों ने बाबा ब्रह्मदास महाराज का आभार जताया।

---



फतेहाबाद। अधिकारियों के साथ बैठक करते लेते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

### बैठक कर जलभराव की ली जानकारी

# डॉ. विवेक भारती ने उपायुक्त फतेहाबाद का पदभार संभाला

- सिरसा, कैथल और महेंद्रगढ़ जिलों में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं डॉ. विवेक भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

डॉ. विवेक भारती आईएएस ने मंगलवार को उपायुक्त फतेहाबाद के रूप में अपना पदभार संभाल लिया है। वे 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और इससे पहले सिरसा, कैथल और महेंद्रगढ़ (नारनौल) जैसे जिलों में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. विवेक भारती ने कहा कि वे जिले के सर्वांगीण विकास, सुशासन और जनकल्याण को अपनी प्राथमिकता बनाएंगे। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की बैठक ली और जिला में हुई भारी बारिश के कारण उत्पन्न जलभराव की स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने अधिकारियों से राहत कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्राप्त की और निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी व सफाई के कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य, बिजली और पेयजल जैसी आवश्यक सेवाओं को दुरुस्त बनाए रखने पर जोर दिया। डॉ. भारती ने अधिकारियों से कहा कि वे टीम भावना के साथ कार्य करें और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

**ये रहे मौजूद**

*उपायुक्त का फतेहाबाद पहुंचने पर अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, जिप सीईओ सुरेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीआरओ श्यामलाल, डीडीपीओ अनूप सिंह, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार, नायब तहसीलदार आशीष, नायब तहसीलदार अशोक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।*

---

# कृषि यंत्रों का निकाला गया ड्रा

- फसल अवशेष प्रबंधन योजना : 1660 यंत्रों को किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

लघु सचिवालय के जिला सभागार में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना स्कीम के फसल अवशेष प्रबंधन कॉम्पोनेंट के व्यक्तिगत श्रेणी में 1660 कृषि यंत्रों जैसे सुपर स्ट्रा, सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर/ श्रेडर/ मल्चर, शर्ब मास्टर, रोटरी स्लेशर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी प्लॉव, जीरो टील सीड कम फर्टीलाइजर ड्रील, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, स्वचालित क्रॉप रिपर, ट्रैक्टर चालित क्रॉप रिपर, ट्रैक्टर चालित लोडर व टेडर मशीन का ड्रा निकाला गया। एडीसी अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में निकाले गए ड्रा में अनुसूचित जाति के कुल 119 सभी पात्र आवेदक जो स्कीम की शर्तें पूरी करते हो उन्हें लाभ का पात्र मान लिया गया है।



फतेहाबाद। कृषि यंत्रों का ड्रा निकलवाते एडीसी अनुराग ढालिया। *फोटो : हरिभूमि*

**सहायक कृषि अभियंता कार्यालय से ले जानकारी**

*अधिक जानकारी के लिए नया बस अड्डा के तृतीय तल पर स्थित सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को 9 से 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों सहित संबंधित श्रेणी में आवेदन करने वाले लाभार्थी किसान मौजूद रहे।*

### 4 वर्षों से फरार पीओ को किया गिरफ्तार

फतेहाबाद। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एएनसी फतेहाबाद की टीम को सफलता मिली है। टीम ने चार वर्षों से फरार चल रहे एक प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर यानि पीओ को काबू किया है। एएनसी प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 14 अप्रैल को 2021 को धारा 279, 304ए आईपीसी थाना शहर रतिया में मामला दर्ज किया था। मामले में में आरोपी रामस्वरूप पुत्र गोपाल राम निवासी गांव पालड़ी, थाना बलारा, जिला सीकर राजस्थान को न्यायालय द्वारा पीओ घोषित किया गया था। आरोपी करीब चार वर्षों से फरार चल रहा था। एएनसी की टीम ने लगातार मेहनत और सतर्कता से कार्रवाई करते हुए आरोपी रामस्वरूप को काबू किया और नियमानुसार थाना शहर रतिया पुलिस के हवाले कर दिया गया।

---

### गांव दिनोद के दो युवकों को निशाना बनाते हुए चलाई थी गोली

# भिवानी सीआईए टीम पर फायरिंग करने वाले बदमाश को किया काबू

- आरोपी की पहचान रोहित निवासी गांव रगड़ी खेड़ा के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

भिवानी कोर्ट में फायरिंग के आरोपी की तलाश में फतेहाबाद पहुंची भिवानी सीआईए पुलिस की टीम पर फायरिंग करने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान रोहित पुत्र पूर्णचंद निवासी गांव रगड़ी खेड़ा, जिला सिरसा हाल प्रीत नगर, गली नं. 14, सिरसा के रूप में हुई है। बता दें कि भिवानी कोर्ट में गत गुरूवार को पेशी पर आए गांव दिनोद के दो युवकों को निशाना बनाते हुए दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी थी। दोनों हमलावर युवक हवाई करते हुए मौके से फरार हो गए थे।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में सीआईए भिवानी पर फायरिंग का आरोपी।

**एक आरोपी को मौके पर ही किया काबू**

थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि सीआईए-1 भिवानी प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी की तलाश शुरू की। सोमवार रात को करीब 10 बजे, आरोपी को फतेहाबाद-सिरसा हाईवे पर कुकड़ावाली मोड़ के पास देखा गया। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की और पीछा करने पर पुलिस पर जानलेवा फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए फायर किया, जिसमें आरोपी को पैर में गोली लगी और उसे मौके पर ही काबू कर लिया गया।

---

# तीन किलो चूरापोस्त व 15200 रुपये की ड्रग मनी सहित आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए डबवाली क्षेत्र से एक नशा तस्कर को तीन किलोग्राम चूरापोस्त व 15 हजार 200 रुपये की ड्रग मनी सहित गिरफ्तार किया है। मंगलवार को सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान दिनेश कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान शहर के वार्ड नंबर दो क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक आता दिखाई दिया जिसके हाथ में प्लास्टिक का थैला था जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके थैले से तीन किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी युवक के कब्जे से 15 हजार 200 रुपये की ड्रग मनी भी बरामद की है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज किया गया है। वहीं पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

# कुलवंत हत्याकांड: सीआईए ने दो वांछित आरोपियों को किया काबू

- एक अन्य आरोपी को पहले की गिरफ्तार किया जा चुका है

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

गांव सहनाल के पास पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर तेजधार हथियारों से हमला कर उसकी हत्या करने के मामले में सीआईए रतिया पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पाला उर्फ पाली पुत्र मखन सिंह और निर्मल उर्फ काला पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी भिरड़ाना के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में एक अन्य आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका था। सीआईए रतिया प्रभारी एएसआई रिछपाल ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 31 अगस्त को थाना सदर रतिया में केस दर्ज किया गया था।



फतेहाबाद। गिरफ्तार दोनों युवक।

**पुरानी रंजिश के चलते की थी हत्या**

इस मामले में शिकायतकर्ता जसबन्त सिंह ने बताया कि उनके भाई कुलवंत सिंह की हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई। 30 अगस्त को गांव सहनाल रंगोई नाला के पास कुलवंत सिंह और उनके रिश्तेदार हरविन्द्र सिंह मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। पीछे से आए आरोपियों ने डंडे और तेजधार हथियारों से हमला किया, जिससे कुलवंत सिंह की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन की। शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। सीआईए रतिया ने दो और वांछित अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार आगामी अनुसंधान हेतु थाना सदर रतिया में हिरासत में रखा गया।

---

### सभी चतुर्थी में विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी का माना जाता है विशेष महत्व

**हर माह में भगवान गणेश की आराधना के लिए 2 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण**

# विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी आज, भगवान गणेश की वंदना से आएगी सुख-समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी 10 सितंबर को है। इस दिन गणेश जी की वंदना करने से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि आती है। यह व्रत सभी प्रकार के संकटों को दूर करने वाला माना जाता है और गणेश जी बुद्धि, यश, वैभव, और धन-धान्य प्रदान करते हैं। सनातन धर्म में प्रथम पूजनीय भगवान श्री गणेश जी की आराधना के लिए हर माह में 2 दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। ये तिथि होती है चतुर्थी। सभी चतुर्थी तिथियों में आश्विन माह के कृष्ण पक्ष में पडऩे वाली विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी अति विशेष मानी जाती है। श्री श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि ऐसी मान्यता है इस दिन भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साधक के जीवन में कोई भी क्लेश नहीं रह जाता है। पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि संकष्टी चतुर्थी का व्रत प्रत्येक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को किया जाता है। बुद्धि एवं विवेक के देवता गणेश जी को समर्पित यह व्रत समस्त कष्टों को हरने वाला और धर्म, अर्थ, मोक्ष, विद्या, धन व आरोग्य प्रदान करने वाला है। शास्त्रों में भी कहा गया है कि जब मन संकटों से घिरा महसूस करें, तो संकष्टी चतुर्थी का अद्भुत फल देने वाला व्रत करें और भगवान गणपति को प्रसन्न कर मनचाहे फल की कामना करें।



पंडित सोनू शर्मा।

**विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी का मुहूर्त**

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी 10 सितंबर को मनाई जाएगी। यह 3 बजकर 37 मिनट पर शुरू होगी और 11 सितंबर को दिन में 12 बजकर 45 मिनट पर समाप्त होगी। विघ्नराज संकष्टी चतुर्थी के दिन चंद्रोदय का समय रात सात बजकर 48 मिनट पर होगा।

**मनोवांछित फल के लिए करें पूजन**

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि गणेश जी को विघ्नहर्ता की उपाधि देवताओं ने संयुक्त रूप से दिया है। गणेश जी अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपकी भी मनोकामनाएं पूरी हों तो भगवान गणेश को रोली और चंदन अर्पित करें। इससे वह अत्यंत प्रसन्न होते हैं और आपकी कामना को सिद्ध कर देते हैं। गणेश का प्रिय मोदक का भोग लगाएं। इससे उनकी कृपा पात्र भी बनने का मौका आपको मिलेगा। जिससे आपकी इच्छाओं की पूर्ति संभव है।

---

# सीएम के समक्ष गुहार लगाने वाले फरियादी के भाई ने किया सुसाइड

- एजेंसी संचालक व उसकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज


**सिरसा।** मुख्यमंत्री के समक्ष न्याय की गुहार लगाने वाले युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली है। पखवाड़े पहले सिरसा दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष मृतक के भाई विनोद कुमार ने रोते हुए शहर के राजा हुंडई के संचालक राजेश मक्कड़ के खिलाफ धोखाधड़ी करने को लेकर शिकायत दी थी। मुख्यमंत्री ने विनोद की शिकायत पर सिरसा के एसपी को निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए थे, लेकिन बीते शाम को विनोद के भाई सुरेंद्र ने सुसाइड कर लिया। पुलिस ने मृतक के भाई विनोद कुमार की शिकायत पर एजेंसी संचालक राजेश मक्कड़ व उसकी पत्नी रूपेशा मक्कड़ के खिलाफ 108 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। उल्लेखनीय है कि 23 अगस्त को सीएम सिरसा दौरे पर आए थे। इस दौरान सिरसा के रेस्ट हाउस में एक युवक ने रोते हुए सीएम सैनी से गुहार लगाते हुए कहा कि सीएम साहब मेरी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके बाद सीएम सैनी ने एसपी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए युवक ने बताया कि उसका नाम विनोद कुमार है और वह गांव रामनगरिया का रहने वाला है। उसने राजा हुंडई के मालिक राजेश उर्फ राजा मक्कड़ से जमाल में सब डीलरशिप ली थी। आरोप है कि उसके साथ 67 लाख रुपये का स्कैम किया। विनोद ने बताया था कि वह इस मामले को लेकर चंडीगढ़ में सीएम सैनी से 27 जुलाई को मिला था। सीएम ने सिरसा डीसी को कार्रवाई के लिए कहा था। इसके बाद डीसी ने सिरसा एसपी को शिकायत भेज दी। एसपी ने कहा कि ये मामला लेनदेन का है इसमें पुलिस कुछ नहीं कर सकती।



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

लाइफ Style



# रश्मिका देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।

## हॉलीवुड मसाला



# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवाड्र्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

## टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल :*** अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

### क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

### पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नहीं है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*





***ऋतिक रोशन :*** *इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा :*** *बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी :*** *शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट :*** *टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर :*** *बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*

***रणवीर सिंह :*** *रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण :*** *शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा :*** *रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ :*** *फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान :*** *बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

## खबर संक्षेप



### सीजेएम ने राहत केंद्रों का किया निरीक्षण

**फतेहाबाद।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने भूना क्षेत्र में प्रभावित लोगों के लिए बनाए गए वैकल्पिक राहत केंद्रों का निरीक्षण किया और पीड़ितों से बातचीत की। उन्होंने वहां पर रह रहे लोगों से प्रशासन द्वारा मुहैया करवाई जा रही राहत सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने भूना क्षेत्र में जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों का भी दौरा किया। उन्होंने बताया कि भविष्य में यदि कोई भी आपात स्थिति उत्पन्न होती है तो नागरिक तुरंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01667-231174 पर फोन कर इसकी सूचना दे सकते हैं।

### नशा मुक्ति केन्द्र में भेंट किया जरूरत का सामान



**फतेहाबाद।** अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सामाजिक विकास समिति की राष्ट्रीय महासचिव नेहा मित्तल ने गत दिवस सिविल अस्पताल में स्थित नशा मुक्ति केन्द्र में इलाज करवा रहे डी.सी. कुमार पुत्र पम्मा सिंह निवासी हिजरावां कलां को वस्त्र एवं जरूरत का सामान भेंट किया। उन्होंने युवक डी.सी. कुमार को मोटीवेट करते हुए कहा कि वह नशे को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो तथा परिवार का सहयोग करे।



### किसान मेले में पहुंचे अजय चौटाला

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने मंगलवार को सिरसा की कपास मंडी में आयोजित किसान मेले में शिरकत की और वहां उपस्थित किसानों व अन्य उद्यमियों से मिलकर कृषि पर अपने अनुभव सांझे किए। इस दौरान उन्होंने मेले में कृषि क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले आधुनिक उपकरणों की जानकारी ली।

### मारपीट के मामले में तीसरे आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** मारपीट के एक मामले में भुना थाना पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता अशोक व उसके भाइयों के साथ कुछ व्यक्तियों द्वारा गाली-गलौच व मारपीट कर उन्हें घायल किया गया था। उक्त शिकायत के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीबद्ध किया गया था। जांच के दौरान, पहले दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब इस मामले में तीसरे आरोपी हरदीप सिंह पुत्र आत्माराम निवासी एम.पी. सोतर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## एडवाइजरी: फर्जी लोन ऐप, गेम व इनाम के नाम पर भेजी जा रही खतरनाक फाइलें

# सिर्फ एक इंस्टॉल और उड़ गए लाखों, एपीके फाइलों से हो रही साइबर ठगी : एसपी जैन

सोशल मीडिया साइबर ठगों का पंसदीदा हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**साइबर ठगी होने पर 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें**

*फतेहाबाद पुलिस द्वारा जारी साइबर एडवाइजरी में नागरिकों को सुझाव दिए गए हैं कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई एपीके फाइल को डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। ऐप्स केवल गूगल प्ले स्टोर या आधिकारिक वेबसाइट्स से ही डाउनलोड करें। बैंकिंग, लोन या फाइनेंस से जुड़ी जानकारी के लिए सिर्फ सरकारी या अधिकृत ऐप्स का ही इस्तेमाल करें। साइबर ठगी की शिकायत तुरंत पोर्टल पर करें या 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।*

सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स अब साइबर ठगों के सबसे पसंदीदा हथियार बनते जा रहे हैं। एक क्लिक में कमाई का सपना दिखाकर ठग लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। जिले में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आज एक महत्वपूर्ण साइबर एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। एसपी जैन ने बताया कि साइबर अपराधी खुद को बैंक अधिकारी, तकनीकी सहयोगी, कस्टमर केयर एजेंट, या फिर जान-पहचान का व्यक्ति बताकर पहले भरोसे में लेते हैं। इसके बाद लोन ऐप, गेम या इनाम के नाम पर एक एपीके फाइल भेजी जाती है, जिसे डाउनलोड करते ही ठगों को पीड़ित के मोबाइल की पूरी पहुंच मिल जाती है। एपीके दरअसल वह फॉर्मेट है, जिसके माध्यम से एंड्रॉइड डिवाइस में ऐप्स इंस्टॉल किए जाते हैं। लेकिन जब यह फाइल किसी अज्ञात या संदिग्ध स्रोत से आती है, तो उसमें छिपा मैलवेयर (वायरस) मोबाइल में घुसकर संवेदनशील जानकारी चुरा लेता है। यह वायरस मोबाइल के कैमरा, माइक्रोफोन, गैलरी, कॉन्टैक्ट लिस्ट, बैंक ऐप्स और यहां तक कि ओटीपी तक की जानकारी एक्सेस कर लेता है। एसपी जैन ने कहा कि कई मामलों में साइबर ठग पीड़ित के मोबाइल का रिमोट एक्सेस भी हासिल कर लेते हैं और लाइव निगरानी करते हुए खाते से रकम ट्रांसफर कर देते हैं। अक्सर पीड़ित को तब तक भनक नहीं लगती जब तक उनके खाते से लाखों रुपये साफ नहीं हो जाते। उन्होंने बताया कि हाल ही में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां लोगों को फ्री गेम, इंस्टेंट लोन और ऑनलाइन कमाई जैसे प्रलोभन देकर एपीके फाइल इंस्टॉल करवाई गई और फिर लाखों रुपये की ठगी की गई।

**लोगों से अपील**

पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की है कि वे डिजिटल दुनिया में सावधानी और समझदारी से कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि एक छोटी-सी लापरवाही भी बड़ा आर्थिक नुकसान पहुँचा सकती है। ऐसे में आवश्यक है कि हर व्यक्ति सोच-समझकर हर क्लिक करे और किसी भी अज्ञात लिंक या ऐप से दूरी बनाए रखे।

### आढ़तियों के माध्यम से की जाए नरमा की खरीद: मेहता

**सरकार से इस दिशा में ध्यान देने की अपील**

**सिरसा।** आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व प्रधान मनोहर मेहता ने कहा कि सीसीआई को आगामी सीजन में नरमा की खरीद एमएसपी पर आढ़तियों के माध्यम से करनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि इस संबंध में सीसीआई को जल्द ही आदेश दिया जाए। मेहता ने जारी बयान में कहा कि सरकार को सभी फसलों की खरीद आढ़तियों के माध्यम के साथ ही आढ़तियों को पूरी 2.5 प्रतिशत दामी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक आढ़तियों के माध्यम से ही नरमा की खरीद होती थी। तब किसान को भी कोई दिक्कत नहीं होती थी और मजदूर को भी पुरी मजदूरी मिलती थी लेकिन अब सीसीआई सीधा किसान से नरमा की खरीद करती है व खाली-भरी होती है सीधी फैक्ट्री पहुंच, जिस कारण किसान के साथ शोषण होने की संभावना बढ़ जाती है। किसान को उसकी राशि का समय पर भुगतान भी नहीं होता है। इसलिए यदि आढ़ती के माध्यम से खरीद हो तो किसान को किसी तरह की समस्या नहीं आएगी। मजदूर भी अपनी मजदूरी आढ़ती से कभी भी ले सकता है। इसलिए सरकार को इस दिशा में जल्द ही ध्यान देकर सीसीआई को आदेश देना चाहिए कि नरमा की खरीद आढ़तियों के माध्यम से की जानी चाहिए।

## साध्वी भारती ने कथा का किया प्रवन

# भगवत कथा को जीवन में उतारने से होगा कल्याण

साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का बीती सोमवार रात्रि को शुभारंभ किया गया। कथा के दौरान साध्वी कालिंदी भारती ने कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। भागवत महापुराण उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है, जो वेदों से बहकर चली आ रही है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत अर्थात जो श्री से युक्त है, श्री अर्थात चैतन्य, सौन्दर्य, ऐश्वर्य। भगवतः प्रोक्तम इति भागवत। भाव कि वो वाणी, वो कथा जो हमारे जड़वत जीवन में चैतन्यता का संचार करती है, जो हमारे जीवन को सुंदर बनाती है, वो श्रीमद भागवत कथा है, जो सिर्फ मृत्यु लोक में ही संभव है। उन्होंने बताया कि यह एक ऐसी अमृत कथा है, जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। इसलिए परीक्षित ने स्वर्गामृत की बजाए कथामृत की ही मांग की। इस स्वर्गामृत का पान करने से पुण्यों का तो क्षय होता है पापों का नहीं।



साध्वी कालिंदी भारती कथा प्रवन करते हुए।

**वृंदावन का अर्थ बताया**

कथा के दौरान उन्होंने वृंदावन का अर्थ बताते हुए कहा कि वृंदावन इंसान का मन है। कभी-कभी इंसान के मन में भक्ति जागृत होती है। परंतु वह जागृति स्थाई नहीं होती, जिस का कारण यह कि हम ईश्वर की भक्ति तो करते हैं पर वैराग्य नहीं, तड़प नहीं, भाव नहीं और ज्ञान नहीं। इसलिए वृंदावन में जा कर भक्ति देवी तो तरुणी हो गई पर उस के पुत्र ज्ञान और वैराग्य वृावस्था में अचेत और निर्बल पड़े हैं। उन में जीवंतता और चैतन्यता का संचार करने के लिए नारद जी ने भागवत कथा का ही अनुष्ठान किया। जिस को श्रवण कर वो पुनः जीवंत और सबल हो उठे, क्योंकि व्यास जी कहते हैं कि भागवत कथा एक कल्पवृक्ष की भांति है, जो जिस भाव से कथा श्रवण करता है उसे मनोवांछित फल देती है।

### खूबराम सुथार के निधन पर जताया शोक

**चोपटा।** नाथूसरी कलां गोशाला के पूर्व प्रधान खूब राम सुथार के निधन पर जिला गोशाला संघ तथा सभी गोशाला प्रबंधन कमेटी सदस्यों ने शोक जताया है। प्राचीन श्री गोशाला के मैनेजर पवन सिंवर ने बताया कि खूब राम सुथार का जिला गोशाला संघ में विशेष योगदान रहा है तथा नाथूसरी कलां गोशाला में उनका विशेष योगदान रहा है। स्व. खूब राम सुथार ने हमेशा ही गोवंश की हो रही दुर्दशा के खिलाफ सरकार से लड़ाई लड़ी थी और हर जगह गौवंश के हितार्थ आवाज बुलंद की।

# रिक्शा चालकों को ट्रैफिक नियमों की दी जानकारी

- रिक्शा चालकों के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक अहम कदम उठाया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार ट्रैफिक जाम और अन्य यातायात संबंधित समस्याओं को हल करने हेतु रिक्शा चालकों के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस प्रभारी उप-निरीक्षक जयसिंह ने जिले भर के रिक्शा चालकों को आमंत्रित कर उन्हें ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया।



**फतेहाबाद।** रिक्शा चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते पुलिस कर्मचारी।

**पुलिस की इस पहल की सराहना की**

चालकों को सड़क सुरक्षा, यातायात संकेतों, और नियमों का पालन करने की महत्ता बताई गई। साथ ही यह भी समझाया गया कि वे स्वयं कैसे अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने में पुलिस की मदद कर सकते हैं। रिक्शा चालकों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना की और सहयोग देने का आश्वासन दिया। यह प्रयास न पुलिस और आमजन के बीच विश्वास और सहयोग को भी मजबूत करेगा।

# दस वर्षीय अनुभवी जैन ने की एकासना की अठाई, 7वें दिन हुई मेहंदी रस्म

**डबवाली।** मात्र 10 वर्षीय अनुभवी जैन ने एकासना की अठाई करते हुए 7वें दिन जैन स्थानक में विराज महासाध्वी सुव्रत प्रभा जी महाराज-ठाणे-4 का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर महासाध्वी सुव्रत प्रभा जी महाराज ने कहा कि जैसे सोने को निखारने के लिए उसे अग्नि में तपाया जाता है वैसे ही आत्मा को निर्मल बनाने के लिए तप रूपी अग्नि में तपाया जाता है। तप करने से कर्मों की निर्जरा होती है और आत्मा पवित्र बनती है। मंगलवार को अनुभवी जैन की मेहंदी रस्म की गई जिसमें जैन श्रद्धालुओं ने तपस्या के मंगल गीत गाए। जैन सभा के महामंत्री वैद्य मुकेश जैन की पुत्री अनुभवी जैन की अठाई वीरवार को संपूर्ण हो जाएगी।

**तप करने से कर्मों की निर्जरा होती है और आत्मा पवित्र बनती है: महासाध्वी सुव्रत**



**सिरसा।** साध्वियों का आशीर्वाद लेती अनुभवी जैन।

**एकासना का अर्थ**

मुकेश जैन ने बताया कि जैन धर्म में एकासना का अर्थ है दिन में एक ही बार एक स्थान पर बैठकर भोजन करना जोकि लगातार आठ दिनों तक किया जाता है। जैन सभा प्रधान सुभाष जैन पप्पी ने बताया कि श्रद्धालुओं द्वारा यह तप आत्म-शुद्धि के उद्देश्य से किया जाता है।

## सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

# श्री श्याम मंदिर पुजारी परिवार ने लगाया भंडारा

**सिरसा।** श्री श्याम बाबा के आशीर्वाद से प्राचीन श्री श्याम मंदिर सेवक परिवार की ओर से हरिभोजन भंडारा स्थल पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर मंदिर सेवक परिवार से तेजपाल शर्मा, योगी शर्मा, मनीषा शर्मा अनिरुद्ध शर्मा व जतिन सोनी मौजूद रहे। तेजपाल शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से जहां भूखे व्यक्ति को भरपेट भोजन मिलता है, वहीं समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। उन्होंने कहा कि न जाने कितने ऐसे लोग होंगे, जिन्हें दो वक्त का खाना भी मुश्किल से नसीब हो पाता है। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि अपने घरों में खुशी के अवसरों पर बजाय फिजूलखर्ची के इस प्रकार के कार्यक्रमों को बढ़ावा दें, ताकि भूखे लोगों को भरपेट भोजन मिल सके।

## पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : कंबोज

# राजेंद्रा कॉलेज में क्लब ने किया पौधरोपण

पर्यावरण की सरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रोटरी क्लब सिरसा मेन के पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिसार रोड स्थित राजेंद्र इंस्टीट्यूट में पौधरोपण अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य क्लब के सदस्यों, विद्यार्थियों और संस्थान के अधिकारियों को एकजुट कर अधिक से अधिक पौधे लगाकर धरती की हरियाली को बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। रोटरी क्लब सिरसा के अध्यक्ष आर्किटेक्ट प्रमोद कंबोज ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल हमारी धरती को हरा-भरा बनाता है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य भी सुनिश्चित करता है।

**लोगों से अभियान में जुड़ने की अपील**

प्रमोद कंबोज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल पारिवारिक सदस्यों की तरह करे। उन्होंने कहा कि पौधे केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जीवन का आधार बनते हैं। अधिक से अधिक पौधारोपण कर हम जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से लड़ सकते हैं और अपनी धरती को प्रदूषण मुक्त बना सकते हैं। वहीं राजेंद्र इंस्टीट्यूट के निदेशक एन.के. गुप्ता ने सभी से इस अभियान से जुड़ने और सतत भविष्य के निर्माण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर रोटरी क्लब सिरसा के सदस्य संजीव गर्ग, वीरेंद्र जिंदल आदि मौजूद रहे।

### चेन स्नैचिंग का आरोपी दबोचा

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने चेन स्नैचिंग के आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि बीती 14 जनवरी 2023 को जब पीड़िता बिंदू रानी अपने भतीजे के साथ खरीददारी करने जा रही थी। इसी दौरान सूरतगढ़िया चौक के पास दो बाइक सवार अज्ञात युवकों ने उसका पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में 15,000 रूपए नकद, एक सोने की अंगूठी और एक मोबाइल फोन मौजूद था। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू की। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य जुटाते हुए एक आरोपी गगनदीप निवासी मंगाला को चिह्नित कर गिरफ्तार किया।

## डेरा जगमालवाली के सेवादार बाढ़ प्रभावितों की सहायता में जुटे



**कालांवाली।** डेरा जगमालवाली के संत बीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में डेरे के अनुयायियों ने पंजाब के फाजिल्का जिले में बाढ़ की त्रासदी झेल रहे परिवारों को राहत पहुंचाई। डेरे की ओर से जगह-जगह राहत कैंप लगाए गए हैं, जहां जरूरतमंदों को राशन, कपड़े, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है। संत बीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को गांव कावांवाली पत्तन, धनी नत्था सिंह, मुहर सोना, मुहार जमशेर समेत आसपास की ढाणियों में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने हर घर जाकर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

पंजाब में भेजी राहत सामग्री

# बाढ़ प्रभावितों की सहायता के लिए इनेलो ने बढ़ाया हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा के समय में इनेलो और पार्टी की छात्र इकाई आईएसओ मिलकर बाढ़ प्रभावित इलाकों में आमजन की सहायता में जुटे हैं और अपना दायित्व बखूबी निभा रहे हैं। वे मंगलवार को डबवाली हलके से आईएसओ की ओर से पंजाब के जिला फाजिल्का में बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए राहत सामग्री से भरे दो ट्रकों को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ आईएसओ के जिला संयोजक अजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष गौरव गौरीवाला, पार्टी के शहरी प्रधान लवली मेहता, हरमंदर सिंह सरां, नगरपरिषद डबवाली के चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा, वाइस चेयरमैन अमनदीप, हरमंदिर सरां, कुलदीप सहारण, नवीन चौटाला, अंग्रेज सिंह, सुमनदीप गोरीवाला, गुरविंद्र आदि मौजूद रहे।



**सिरसा।** इनेलो जिलाध्यक्ष पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए राहत सामग्री के दो ट्रक रवना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**चर्चा** लघुसचिवालय में शिकायतों के समाधान को लेकर अधिकारियों के साथ ली बैठक

# समाधान शिविर की शिकायतों का प्राथमिकता से करें निपटान: एडीसी

लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए विभागों को जल्द एटीआर भिजवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

समाधान शिविर आमजन की जन समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम है। जहां आमजन को एक छत के नीचे सभी प्रकार की समस्याओं को रखने का अवसर मिलता है।

लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द हल हो, जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। इसी उद्देश्य के साथ सभी विभागाध्यक्ष समाधान शिविर की शिकायतों का प्राथमिकता से निवारण करें। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने मंगलवार को लघुसचिवालय स्थित बैठक कक्ष में समाधान शिविर की शिकायतों के समाधान को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर संबंधित विभागों से समाधान शिविर की शिकायतों की रिपोर्ट ली तथा शिकायतों के निपटान में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष व्यक्तिगत रूप से समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग करें व कहीं किसी प्रकार की कोई दिक्कत आती है तो उच्चाधिकारियों को अवगत करवाएं ताकि उनका जल्द हल निकाला जा सके। उन्होंने लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए विभागों को जल्द एटीआर भिजवाने के निर्देश दिए।



**सिरसा।** अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

**प्रत्येक सोमवार व वीरवार को किया जा आयोजन**

एडीसी ने कहा कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को कार्य दिवस में जिला व उपमंडल स्तर पर प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है, जोकि आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश सरकार का एक महत्वाकांक्षी माध्यम है। समाधान शिविरों की शिकायतों की मुख्यालय स्तर पर समीक्षा भी की जाती है। इसलिए अधिकारी समाधान शिविर में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध निपटान करें। एसडीएम डबवाली अर्पित संगल और एसडीएम ऐलनाबाद पारस भागोरिया बैठक में वीसी के माध्यम से जुड़े।

## खबर संक्षेप

### प्रभावित किसान 15 तक पोर्टल पर दर्ज करें जानकारी

**टोहाना।** एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि हाल ही में हुई भारी वर्षा और जलभराव के कारण प्रभावित किसानों की सुविधा के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने सभी गांवों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल 15 सितंबर तक खुला रखने के आदेश जारी किए हैं। इस पोर्टल पर किसान अपने खेतों में हुई फसल खराबी और जलभराव की स्थिति को दर्ज करा सकते हैं। एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत पहुँचाने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को 15 सितंबर तक उपलब्ध कराया गया है ताकि कोई भी पात्र किसान अपनी शिकायत दर्ज करने से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि किसान पोर्टल पर आवेदन करते समय अपने खेतों में हुई क्षति से संबंधित सही व स्पष्ट विवरण दर्ज करें।

### श्री कृष्ण गोशाला में श्रीमद् भागवत कथा 15 से

**रतिया।** श्रीकृष्ण गौशाला रतिया के प्रांगण में संत बाबा बाबू राम दुगाल वाले, संत श्री नारायण मुनि महाराज व संत बाबा कर्म चंद बच्छुआना वालों की कृपा से 15 से 21 सितम्बर तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। श्रीकृष्ण गौशाला कमेटी के प्रधान छिंदरपाल दानेवालिया ने बताया कि कथा में प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य प्रदीप भारद्वाज, पातड़ा वाले श्रद्धालुओं को प्रवचन करेंगे। कथा का शुभारंभ 15 सितंबर को कलश यात्रा से होगा। कलश यात्रा प्रातः 9 बजे श्रीराम आश्रम मंदिर से आरंभ होकर श्री कृष्ण गौशाला पहुंचेगी। कथा प्रतिदिन सायं 3 बजे से लेकर 6 बजे तक होगी। अंतिम दिन 21 सितंबर को भोग व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### छात्रा से छेड़छाड़ करने आरोपी गिरफ्तार, केस

**फतेहाबाद।** एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने के मामले में थाना जाखल पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विजेंद्र उर्फ बिल्लू पुत्र जसवंत निवासी वार्ड नं. 09, जाखल के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता के पिता द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, उसकी नाबालिग बेटी, टोहाना में अध्ययनरत है, को 5 सितंबर को रेलवे स्टेशन के पास घर लौटते समय आरोपी ने रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

### बड़ोपल में किसान सभा की बैठक, 15 को जिला प्रशासन से मिलेंगे

# बड़ोपल के खेतों में चार-चार फुट पानी मकानों की छतें गिरने का खतरा मंडराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

*क्षेत्र में पिछले कई दिनों से लगातार हुई बरसात के बाद गांव बड़ोपल के खेतों में भारी जलभराव से किसानों की परेशानियां बढ़ गई है। पहले ही सेम से जूझ रहे किसानों पर यह बारिश कहर बनकर टूटी है। अखिल भारतीय किसान सभा की टीम ने जिला प्रधान विष्णुदत्त के नेतृत्व में गांव बड़ोपल में सेम व बरसात के पानी से तबाह हुई फसलों और ढाणियों का दौरा किया। इस दौरान किसान सभा की टीम भारी नुकसान से प्रभावित किसानों को उनके खेतों और ढाणियों में जाकर मिली और सरकार द्वारा अब तक इन किसानों की कोई सुध न लिए जाने पर चिंता जताई। जिला प्रधान विष्णुदत्त ने कहा कि बड़ोपल व आसपास की इलाकों में भारी बरसात के बाद खेतों में अब भी कई-कई फुट पानी भरा पड़ा है। किसानों की फसलें पानी में डूबकर खराब हो चुकी है। ढाणियों की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि उनकी छत कभी भी गिर सकती है और जान-माल का नुकसान हो सकता है। यहां फसलों को 100 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है वहीं ढाणियों में भी 70 से 80 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है लेकिन सरकार इनको कोई राहत नहीं दे रही है। सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग की घोषणा नाममात्र जैसे ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। किसान सभा मांग करती है कि इन क्षेत्रों में इमानदारी से गिरदावरी करवाई जाए। ढाणियों का सर्वे करवाकर प्रभावित किसानों को पूरा मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर एक बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमें 21 सदस्यीय कमेटी का गठन हुआ। इसमें राजेन्द्र प्रसाद बिश्नोई को संयोजक बनाया गया वहीं महेंद्र सिंह, हीरा लाल, हनुमान सिंह, ओमप्रकाश, जोगी राम, चाणन, विजय पाल, सतबीर, कुलदीप, शमशेर सिंह, ओमप्रकाश, महावीर प्रसाद, सोमदेव, अनुप सिंह, संदीप, शेर सिंह, रोहताश, शिव लाल, प्रवीण, विष्णु को कमेटी मैम्बर बनाया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि किसान अपनी समस्याओं को लजेकर 15 सितम्बर को जिला प्रशासन से मिलेंगे और पानी निकासी का प्रबंध करें।*

**ढाणियों में 70 से 80 % नुकसान**

किसानों की फसलें पानी में डूबकर खराब हो चुकी है। ढाणियों की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि उनकी छत कभी भी गिर सकती है और जान-माल का नुकसान हो सकता है। यहां फसलों को 100 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है।



फतेहाबाद। गांव बड़ोपल में आयोजित बैठक में भाग लेते किसान। फोटो :हरिभूमि

## बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर नुकसान की भरपाई करे सरकार : अध्यापक संघ

**फतेहाबाद।** पंजाब और हरियाणा में आई बाढ़ ने भयंकर तबाही मचाई है। बाढ़ से हुए नुकसान को देखते हुए हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने अपने सभी आंदोलनों को स्थगित करने के साथ-साथ बाढ़ पीड़ितों की आर्थिक सहायता के लिए अभियान शुरू कर दिया है। अब तक सैंकड़ों अध्यापक इस अभियान में आर्थिक सहयोग कर चुके हैं। यह बात अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल ने कही। अध्यापक संघ के राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद, जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा, भगत सिंह, ब्लॉक प्रधान सतपाल ढाका व हरपाल हुड्डा ने संयुक्त ब्यान जारी बताया कि 7 सितम्बर को शिक्षा मंत्री हरियाणा के कैम्प कार्यालय पर मास डेपुटेशन का कार्यक्रम तय था, परंतु जनसरोकारी संगठन होने के नाते इसे स्थगित कर दिया गया है। संगठन ने घोषणा की है कि अब आंदोलन अक्टूबर माह में किया जाएगा और वर्तमान में पूरा ध्यान बाढ़ राहत कार्यों पर रहेगा।अध्यापक नेताओं ने कहा कि पंजाब के 23 जिले और हरियाणा के करीब 2000 गांव बाढ़ की चपेट में आए हैं। यहां मजदूर, किसान, पशुपालक और गरीब तबाह को चुके हैं, स्कूल भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं।

**अध्यापक संघ अब बाढ़ राहत कार्यों में जुटेगा : राजपाल**




सिरसा। बेटियां अपने पिता की अर्थी को कंधा देते हुए।

## मोहनलाल इंसां की पार्थिव देह मेडिकल रिसर्च के लिए दान दी

- अनेक सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संगठनों ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

डेरा सच्चा सौदा के सेवादार गुरअमन इंसां के पिता मोहनलाल अरोड़ा इंसां की पार्थिव देह को मंगलवार को मेडिकल रिसर्च के लिए उत्तर प्रदेश के कल्याण सिंह गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज बुलंदशहर में दान किया गया। मोहनलाल की पार्थिव देह को उनकी बेटी आशिमा इंसां, पुत्रवधू प्रिया धवन इंसां, पुत्र गुरअमन इंसां सहित अन्य परिजनों ने अर्थी को कंधा देकर समाज को एक सशक्त संदेश दिया कि सेवा और समर्पण में लिंग भेद नहीं होता। पार्थिव देह को फूलों से सजी एंबुलेंस में रखा गया। शाह मस्ताना जी-शाह सतनाम जी धाम, डेरा सच्चा सौदा, सिरसा तक उनकी अंतिम विदाई यात्रा निकाली गई। इस दौरान शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के सेवादारों ने नम आंखों से एंबुलेंस को मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया गया। डेरा के अनुयायियों ने बताया कि यह नेक कदम न केवल मानवता की सेवा का प्रतीक है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणादायी भी है।

**प्रेरणा**

उन्होंने बताया कि अब तक 2,500 से अधिक अनुयायियों ने अपनी देह मेडिकल रिसर्च के लिए दान की है। यह मुहिम सतगुरु की प्रेरणा से समाज में अंधविश्वासों को समाप्त करने और मानव कल्याण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का एक अनुपम उदाहरण है। शहर के कई सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी उनकी अंतिम विदाई में शिरकत की।

## भूथनकलां और पालसर में ग्रामीणों को किया नशे के खिलाफ जागरूक

- पुलिस ने नशा मुक्ति समाज के मुहिम को आगे बढ़ाया

**फतेहाबाद।** एसपी सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशानुसार नशा मुक्ति टीम द्वारा जिलेभर में लगातार जन-जागरूकता एवं उपचार संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में एसआई सुंदर के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए पीड़ितों को राहत पहुंचाई और समाज को नशे के खिलाफ जागरूक करने का प्रयास किया।गांव भूथन कलां में टीम ने एक नशा पीड़ित व्यक्ति की काउंसलिंग कर उसे आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई। टीम का मानना है कि प्रारंभिक स्तर पर की गई काउंसलिंग पीड़ितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाती है और उन्हें नशे की लत से छुटकारा पाने में मदद करती है। इसके अतिरिक्त, गांव पालसर में नशा मुक्ति टीम द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया गया कि नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार व समाज की खुशहाली पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। इस अवसर पर लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खतरों से अवगत कराएं। रतिया क्षेत्र में टीम ने 07 नशा पीड़ितों को चिन्हित कर नागरिक अस्पताल में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं। वहीं, गांव नंगल में 05 उपचाराधीन पीड़ितों को काउंसलिंग के उपरांत होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक दवाएं प्रदान की गईं।

# शहरों की तर्ज पर गांवों का हो रहा विकास : जोड़ा

- भाजपा जिलाध्यक्ष ने बहबलपुर में किया निर्माणाधीन जलघर का निरीक्षण

*शहरों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में हमारा प्रदेश विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अहम भूमिका निभाता नजर आएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने मंगलवार को अपनी टीम के साथ जिले के गांव बहबलपुर में लगभग 7 करोड़ की लागत से 4 एकड़ में बन रहे जलघर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली।

जोड़ा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में कोई कोताही नहीं बरती जाए। यह जलघर बहबलपुर, थेड़ी गांव में सप्लाई देगा, जो कि अगले माह तक सप्लाई शुरुआत करवा दी जाएगी। जोड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार संकल्पबद्ध होकर हर घर जल हर घर नल के तहत पानी पहुंचाने में लगी हुई है। भाजपा सरकार के नेतृत्व में पूरे हरियाणा सहित फतेहाबाद जिले में भी रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य किए जा रहे हैं। जनता भाजपा सरकार की कार्यकुशलता से खुश संतुष्ट है। शहरों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में हमारा प्रदेश विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अहम भूमिका निभाता नजर आएगा।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा, जगदीश शर्मा, निर्मल मानकपुर, कंवल चौधरी, बहबलपुर के सरपंच, नागपुर मंडल अध्यक्ष संदीप तनेजा, राजकुमार माचरा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मेरे झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे राम आयेंगे...भजन पर जमकर नाचे श्रद्धालु



**फतेहाबाद।** ओम नम्‌ गुरप फतेहाबाद द्वारा लाजपत नगर, टैगोर स्कूल के सामने धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर प्रमुख समाजसेविका नेहा मित्तल ने भाग लिया। उन्होंने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद अनिल शर्मा ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया और सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपने भजनों में 'राम से बड़ा राम का नाम, राधे-राधे बोल श्याम आयेंगे, मेरे झोपड़ी के भाग खुल जायेगे राम आयेंगे आदि भजनों से समां बाध दिया। भजनों की अमृतवर्षा पर श्रद्धालु जमकर झूमे। अंत में आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन अवसर पर गुरप सदस्यों द्वारा भारत टुटेजा व अन्य अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर आशीष, भारत मेहता, केशव, दीपक, अनिल, चंदन, मनोज, राजेश, करण सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। बाद बाबा की आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### राजकीय विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढुडियांवाली में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने पर्यावरण विज्ञान आधारित आठ मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें नौवीं कक्षा से पहले गुरप के कमल व लक्ष्मी ने वर्षा जल प्रबंधन, दूसरे गुरप से नेहा व आरती ने जलविद्युत ऊर्जा, तीसरे ग्रुप से जीविका व सुमन ने वर्षा जल प्रबंधन, चौथे ग्रुप से सतपूर्णा और राखी ने ग्रीन हाउस प्रभाव और वायु प्रदूषण, पांचवे गुरप से सोनिया व पूजा ने ज्वालामुखी, छटे ग्रुप से लवीश व रेखा ने जल प्रबंधन, सातवें ग्रुप से अनूप व गुरचरण ने भी वर्षा जल प्रबंधन और आठवें गुरप से अंकित ने वर्किंग मॉडल तथा जल शुद्धिकरण पर अपनी बौधिक शक्ति का प्रदर्शन किया। निर्णायकमंडल ने चौथे गुरप की सतपूर्णा व राखी द्वारा बनाए गए ग्रीन हाउस प्रभाव एवं वायु प्रदूषण मॉडल को प्रथम स्थान प्रदान किया। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य जयपाल नैन मुख्य अतिथि रहे और विद्यालय प्रधानाचार्य नत्थू राम, देश दीपक व राम गोपाल ने वशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राध्यापक बंसी लाल द्वारा की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

# विज्ञान के ज्ञान का दैनिक जीवन में प्रयोग करें

- कुरुक्षेत्र पैनोरमा की टीम पहुंची नागपुर, विद्यार्थियों को विज्ञान विषय को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र, कुरूक्षेत्र के मोबाइल साइंस आउटरीज प्रोग्राम के अंतर्गत जिला शिक्षा विभाग फतेहाबाद तथा पैनोरमा की सहकार्यता से गांव नागपुर स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शन एवं विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम हेतु पैनोरमा से 'ऊर्जा' विषय पर आधारित एमएसई बस टीम सहित स्कूल में पहुंची जिसमें विज्ञान संचारक विष्णु कुमार, विशाल रोहिल्ला तकनीशियन तथा शैलेन्द्र कुमार शामिल रहे। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नागपुर के प्राचार्य आनंद प्रकाश ने बताया कि इस बस में लगे अनेक प्रदर्शों तथा विज्ञान प्रदर्शन व्याख्यान के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में तथा रोमांचक अंदाज में विज्ञान की अनेक गतिविधियां समझाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रवक्ता राजेन्द्र सिंह, दीपक धमीजा व अन्य मौजूद रहे।




रतिया। पीएम श्री राजकीय व.मा. विद्यालय नागपुर में विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेते विद्यार्थी।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखना जरूरी**

विज्ञान व्याख्यान के दौरान विज्ञान संचारक विष्णु सुथार ने अनेक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने का प्रयास किया। उन्होंने विज्ञान के ज्ञान को किताबों तक सीमित न रखकर उसे दैनिक जीवन में इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया। इसी व्याख्यान में हाल ही में हुई एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना 'ब्लड मून' के पीछे के विज्ञान के ारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया।

## चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार, अदालत ने जेल भेजा

**फतेहाबाद।** चाकू से युवक पर ताबड़तोड़ हमला करने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रघुबीर सिंह उर्फ डब्लू पुत्र सतपाल सिंह निवासी गांव धांगड़ के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 27 अगस्त को गांव डांगरा निवासी सुरेश पुत्र भीम सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार रात करीब 2 बजे को रघुबीर उर्फ बबलू और प्रदीप उर्फ पोकर जबरन उसके घर में घुस आए। रघुबीर के हाथ में चाकू था, जिससे उसने सुरेश पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तुरंत घायल को सरकारी अस्पताल टोहाना में भर्ती कराया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा रेफर कर दिया गया। वर्तमान में पीड़ित का उपचार वहीं जारी है। पुलिस द्वारा की गई जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों और पीड़ित के बयान के आधार पर 7 सितम्बर को धारा 333, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी रघुबीर सिंह को काबू कर सलाखों के पीछे भेजा गया है। पुलिस जांच कर रही है।

### श्री श्याम बगीची धाम में श्रीमद्भागवत कथा का किया आयोजन

# भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं रहस्यमयी: स्वामी दिनेशानंद

*भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं के द्वारा मानव को ज्ञान देकर भक्ति के मार्ग पर चलाने का काम किया। स्वामी ने भगवान श्री कृष्ण की माखन चोरी लीला का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की लीलाएं पूर्णतया रहस्यमय है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

स्वामी दिनेशानंद महाराज ने अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में आयोजित श्री मद्भागवत कथा के पांचवे दिन मंगलवार को भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं के द्वारा मानव को ज्ञान देकर भक्ति के मार्ग पर चलाने का काम किया। स्वामी ने भगवान श्री कृष्ण की माखन चोरी लीला का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की लीलाएं पूर्णतया रहस्यमय है। इनका सीधा प्रभाव बुद्धि पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि लीलाओं के सुनने से मानव का मन पवित्र हो जाता है, मन में भक्ति की भावना जागृत होती है। भक्ति करने से मानव का अंतकरण मखन की तरह श्वेत, शुद्ध हो जाता है जिसे भगवान अपने से लगा लेते है और मानव का कल्याण हो जाता है। स्वामी जी ने गोपियों के संग श्रीकृष्ण के रास का वर्णन करते हुए कहा कि गोपी का अर्थ शुद्ध आत्मा है और आत्मा का परमात्मा से मिलन को ही रास कहा गया है। उन्होंने कहा कि जब आत्मा का परमात्मा से मिलन हो जाता है तब मानव संसार के सभी झंझटो को तिलांजलि दे देता है और वो परमात्मा की भक्ति में लग जाता है। स्वामी दिनेशानंद शास्त्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के द्वारा गोपीयों संग रास करने का अर्थ श्री कृष्ण ने कालिया नाग और उसकी दस पत्नियों के बारे में बताया।



सिरसा। श्रीमद्भागवत कथा करते स्वामी दिनेशानंद महाराज।

**इंद्रियों को वश में करना जरूरी**

*उन्होंने कहा कि मानव अपने मन और इंद्रियों को वश में करके पूर्ण मानव बन सकता है। मानव वही है जिसने अपने मन और इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर ली हो। स्वामी जी ने कहा कि सच्चे मानव के लिए मन का चिंतन श्रेष्ठ होना चहिए, यदि मन का चिंतन श्रेष्ठ नही होगा तो वह मानव पशु समान है। उन्होंने चीरहरण का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि चीरहरण का मतलब आत्मा और परमात्मा के बीच पड़े अंहकार रुपी पर्दे को हटाना है। इस अवसर पर अखिल भारतीय धर्मसभा के सरंक्षक महेश सुरेकां, प्रधान गौरव स्वामी, रतन सिंगला, हनुमान बंसल, हेमंत दड़ोलिया, पवन मित्तल, धनश्याम बंसल, अशोक गोयल, रवि मरोदिया, पूर्ण जोशी, योगेश शर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद थे।*